**खबर संक्षेप**

## 6 जुलाई को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पर होगा प्रतिमा अनावरण, जन प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी रहेंगे मौजूद

**मण्डला।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में 6 जुलाई 2026 को भाजपा जिला कार्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रवादी विचारक, शिक्षाविद् एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय परिसर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। वही कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं का भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में संगठन के प्रति समर्पण और योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान करने के उद्देश्य से ₹समर्पण निधि सम्मान₹ कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। जिसमें समर्पण भाव से कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन में मध्यप्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते सहित प्रदेश एवं जिले के अनेक जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता की उपस्थित रहेंगे। भारतीय जनता पार्टी ने जिले के सभी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### शा. हाईस्कूल घाघा, बिझिंया, गाजीपुर तथा महाराजपुर के उन्नयन की उठी मांग

# हा.से. स्कूलों पर बढ़ा विद्यार्थियों का दबाव



* उत्कृष्ट विद्यालय में मिलता चयनित विद्यार्थियों को ही प्रवेश।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

जिला मुख्यालय के शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालयों में लगातार बढ़ती छात्र संख्या के कारण शिक्षण व्यवस्था प्रभावित होने लगी है। ऐसे में विद्यार्थियों, अभिभावकों और आम नागरिकों ने मुख्यालय एवं आसपास के हाईस्कूलों को हायर सेकंडरी में उन्नयन किए जाने की मांग तेज कर दी है, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध हो सके।

वहीं लोगों का कहना है कि मुख्यालय में बहुत से निजी विद्यालय तो है पर गरीब परिवार के बच्चे निजी स्कूलों की भारी-भरकम फीस देने में सक्षम नहीं इसलिए वे अधिकांश बच्चे शासकीय स्कूलों में अपना दाखिला कराकर अध्ययन कर रहे हैं।

जिला मुख्यालय में वर्तमान में शासकीय कन्या हायर सेकंडरी विद्यालय रानी अवंतीबाई, शासकीय कन्या हायर सेकंडरी विद्यालय महाराजपुर, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मण्डला तथा शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय क्रमांक-2 मण्डला संचालित हैं। इन विद्यालयों में जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में विद्यार्थी प्रवेश लेते हैं। परिणामस्वरूप कक्षाओं में निर्धारित क्षमता से कहीं अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययन कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, जहां शासन के मानकों अनरूप एक कक्षा के एक सेक्शन में लगभग 40 विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था होनी चाहिए, वहीं कुछ स्कूलों के निर्धारित सेक्शनों में 75 से 80 विद्यार्थी तक बैठ रहे हैं। कमरों और शिक्षकों की कमी के कारण शिक्षकों को अध्यापन में कठिनाई होती है, वहीं विद्यार्थियों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पर्याप्त व्यक्तिगत मार्गदर्शन नहीं मिल पाता।

विभागीय जानकारों का कहना है कि उत्कृष्ट विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों को ही प्रवेश दिया जाता है, जबकि अन्य शासकीय विद्यालयों में आने वाले अधिकांश पात्र विद्यार्थियों को प्रवेश देना पड़ता है। इससे इन विद्यालयों में छात्र संख्या लगातार बढ़ रही है।

शिक्षा से जुड़े लोगों का मानना है कि यदि मुख्यालय एवं आसपास के शासकीय हाईस्कूल घाघा, बिझिंया, गाजीपुर, वरिष्ठ मूल शाला तथा नवीन हाईस्कूल महाराजपुर का हायर सेकंडरी स्तर तक उन्नयन कर दिया जाए, तो स्थानीय विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र में ही कक्षा 11वीं-12वीं की शिक्षा मिल सकेगी। इससे जिला मुख्यालय के चारों विद्यालयों पर प्रवेश का दबाव कम होगा और शिक्षण व्यवस्था भी अधिक प्रभावी बन सकेगी।

अभिभावकों एवं आम नागरिकों ने शासन से मांग की है कि विद्यार्थियों के हित में शीघ्र निर्णय लेते हुए इन विद्यालयों का उन्नयन किया जाए। उनका कहना है कि इससे न केवल मुख्यालय के विद्यालयों में भीड़ कम होगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी अपने निकट गुणवत्तापूर्ण उच्च माध्यमिक शिक्षा का लाभ मिल सकेगा।

### इनका कहना है -

*प्रदेश सरकार की मंशा है कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। गरीब एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि जिले के कुछ शासकीय विद्यालयों में उन्नयन की आवश्यकता संबंधी जानकारी मिली है। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यकता के अनुसार विद्यालयों के उन्नयन के लिए आवश्यक पहल की जाएगी।*

***-प्रफुल्ल मिश्रा,***
***जिला अध्यक्ष भाजपा मण्डला***

*सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिले में शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आवश्यकतानुसार कुछ विद्यालयों के उन्नयन का प्रस्ताव मध्यप्रदेश शासन के शिक्षा विभाग को भेजा जा रहा है। प्रस्ताव पर स्वीकृति मिलने के बाद चरणबद्ध तरीके से आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।*

***-डॉ. अरुण शुक्ला,***
***सहायक आयुक्त***
***जनजाति कार्य विभाग, मंडला***

## वर्षाकाल में स्वास्थ्य सेवाएं सुचारु रखें- प्रभारी कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर ने शुक्रवार को बीजाडांडी क्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीजाडांडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए अस्पताल प्रबंधन आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पर्याप्त मात्रा में एंटी स्नेक वेनम सहित आवश्यक जीवनरक्षक दवाएं उपलब्ध रहें, अस्पताल परिसर में नियमित साफ-सफाई बनाए रखी जाए तथा मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए।

इसके पश्चात प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर ग्राम कालपी स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति द्वारा संचालित खाद वितरण केन्द्र पहुंचे, जहां उन्होंने किसानों को खाद वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ई-विकास प्रणाली के माध्यम से किसानों को बिना किसी परेशानी के समय पर खाद उपलब्ध कराई जाए तथा वितरण व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी और व्यवस्थित रहे। उन्होंने किसान रजिस्ट्री की प्रगति की भी जानकारी ली। इस दौरान तहसीलदार नारायणगंज श्री हरि सिंह धुर्वे ने बताया कि बीजाडांडी क्षेत्र में लगभग 37 प्रतिशत किसान रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य प्रगति पर है। इस पर प्रभारी कलेक्टर ने किसान रजिस्ट्री का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

भ्रमण के दौरान प्रभारी कलेक्टर श्री अनिल कुमार राठौर ने कालपी स्थित संदीपनी विद्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में विद्यार्थियों के प्रवेश एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती संगीता श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान में केजी से कक्षा 12वीं तक लगभग 750 विद्यार्थियों का प्रवेश हो चुका है तथा 31 जुलाई तक प्रवेश प्रक्रिया जारी रहेगी, जिससे विद्यार्थियों की संख्या में और वृद्धि होने की संभावना है।

प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर ने विद्यालय परिसर में स्थापित वर्षा जल संचयन प्रणाली का अवलोकन करते हुए इसके प्रभावी उपयोग एवं जनजागरूकता के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय में स्थापित फायर सेफ्टी सिस्टम का भी निरीक्षण किया तथा विद्यार्थियों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त प्रभारी कलेक्टर ने उदयपुर ग्राम के आँगनवाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण किया एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# आपदा से निपटने की पूर्व रखें तैयारियाँ

* कंट्रोल रूम अलर्ट मोड पर रहे-प्रभारी कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला




प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर ने गोलमेज कक्ष में आपदा प्रबंधन विषयक बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु में आपदा से निपटने के लिए पूर्व तैयारियाँ सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में सभी संबंधित विभागों की टीम अलर्ट मोड पर रहें।

पिछले वर्षों में बाढ़ एवं जल भराव वाले क्षेत्रों की विशेष तैयारी रखने के निर्देश देते हुए उन्होंने बोट, मड पंप एवं अन्य आवश्यक सामग्री तैयार रखने को कहा। जेसीबी तथा क्रेन ऑपरेटरों से निरंतर संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए जिससे आपात स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य संभव हो सके।

सर्पदंश की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रभारी कलेक्टर श्री राठौर ने प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त मात्रा में एंटीवेनम का स्टॉक रखने के निर्देश दिए। आवश्यकता होने पर इसके लिए एक मोबाइल यूनिट भी तैयार रखने को कहा। उन्होंने पिछले दस वर्षों के आंकड़ों के आधार पर सर्पदंश की आशंका वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा।

बरसात में नदी-नालों में बाढ़ की आशंका के मद्देनजर उन्होंने संबंधित निर्माण विभागों को बाढ़ संभावित पुल-पुलियों पर संकेतक लगाने एवं क्षतिग्रस्त पुल-पुलियों पर बैरिकेटिंग कर यातायात बंद करने के निर्देश दिए। सहस्त्रधारा सहित सभी पर्यटन क्षेत्रों एवं सेल्फी पॉइंट्स पर विशेष निगरानी रखने को कहा जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना न हो।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री राजेश रघुवंशी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीजे मोहंती, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, डीएसपी श्री सतीश चतुर्वेदी, एसएलआर मंडला श्री हीरा तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मंडला जिला शिक्षा केंद्र को मिले नए डीपीसी, अशोक शुक्ला ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



जिला शिक्षा केंद्र मंडला में जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) के पद पर अशोक शुक्ला ने पदभार ग्रहण कर लिया है। मध्यप्रदेश शासन बल्लभ भवन शिक्षा बिभाग भोपाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार उनकी नियुक्ति जिला परियोजना समन्वयक के रूप में मंडला जिला शिक्षा केंद्र में की गई है। उन्होंने 1 जुलाई को अपना कार्यभार संभाल लिया। श्री शुक्ला इसके पूर्व जिला सिंगरौली में कार्यरत थे।

पदभार ग्रहण करने के अवसर पर जिला शिक्षा केंद्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ विभिन्न शिक्षा संगठनों के पदाधिकारियों ने उनका पुष्पहार पहनाकर आत्मीय स्वागत किया तथा नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आशा व्यक्त की कि अशोक शुक्ला के नेतृत्व में जिले में संचालित शैक्षणिक योजनाओं एवं गतिविधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम का माहौल सौहार्दपूर्ण रहा और सभी ने नए जिला परियोजना समन्वयक के साथ मिलकर शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

### जिले में 3 जुलाई को 20.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई.............

**मण्डला।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 3 जुलाई 2026 के दौरान 112.5 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है जबकि इसी अवधि तक गत वर्ष 381.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 269.1 मिलीमीटर कम वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 जुलाई 2026 को मंडला में 42.8 मि.मी., नैनपुर में 15.8 मि.मी. एवं बिछिया में 21.1 मि.मी., निवास में 34.8 मि.मी. एवं घुघरी में 38.1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस प्रकार जिले में 3 जुलाई 2026 को 20.5 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

**प्रदर्शन** | **प्रशाशन और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी का खामियाजा भुगत रहा नगर।**

# आज से प्रारंभ होगा आमरण अनशन

* सामाजिक न्याय जन आंदोलन मंच का प्रदर्शन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



सामाजिक न्याय जन आंदोलन मंच, जिला मण्डला के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह परिहार ने बताया कि नगर की विभिन्न जनसमस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर मंच द्वारा आंदोलन का निर्णय लिया गया है। 01 जुलाई से क्रमिक अनशन प्रारंभ किया गया प्रशासन द्वारा मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई इसे देखते हुये आज 04 जुलाई से आमरण अनशन किया जाएगा। परिहार ने बताया कि आंदोलन के माध्यम से निम्न प्रमुख मांगें प्रशासन के समक्ष रखी गई हैं—बड़ा चौराहा–हनुमान घाट मुक्तिधाम (खैरी मार्ग) का तत्काल डामलीकरण/ कांक्रीट रोड निर्माण कराया जाए। मण्डला नगर में सीवर लाइन कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त हुए सभी मार्गों का उच्च गुणवत्ता के साथ तत्काल पुनर्निर्माण कराया जाए। नगर के सभी 24 वार्डों की नाला-नालियों की वर्षा ऋतु से पूर्व तत्काल सफाई सुनिश्चित की जाए।



महाराजपुर में सड़क सौंदर्यीकरण के नाम पर बनाए गए अधूरे डिवाइडर का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। नगर के सभी मुक्तिधामों को सुव्यवस्थित कर उनका सौंदर्यीकरण एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जाए। नरेन्द्र सिंह परिहार ने प्रशासन से जनहित की इन मांगों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा में मांगों का निराकरण नहीं किया गया, तो आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए 04 जुलाई से आमरण अनशन प्रारंभ किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित प्रशासन की होगी।

## श्रीमती संतोषी चौबे की सेवानिवृत्ति पर समारोह पूर्वक दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला




श्रीमती संतोषी चौबे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 में व्याख्याता बायोलॉजी के पद पर कार्यरत थी उनकी अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें समारोह पूर्वक विदाई दी गई। संस्था की प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती श्यामलता झरिया द्वारा किया गया। संस्था के शिक्षक संजीव वर्मा, हेमंत श्रीवास्तव, योगेश चौरसिया, अनिल वर्मा, विवेक मिश्रा, दीपा दुबे, रितु मैडम, प्रशांत श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में संतोषी चौबे की कर्तव्य कर्तव्यनिष्ठा, सरल स्वभाव एवं मिलनसार व्यक्तित्व की प्रशंसा की। विदाई के शुभ अवसर पर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के लोकप्रिय अध्यक्ष एवं मंडल संयोजक विवेक शुक्ला सहित सेवानिवृत्ति व्याख्याता संध्या गुप्ता एवं आशा मिश्रा ने भी श्रीमती संतोषी चौबे के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित सदस्यों के रूप उपस्थित जिला नागरिक मंच के ललित दुबे, मुन्नालाल तिवारी, गिरीश मिश्रा, नवल देवांगन, अखिलेश चंद्रोल आदि ने भी शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर श्रीमती संतोषी चौबे के परिवार से दिलीप चौबे, डॉक्टर सौम्या चौबे, श्रीमती सुषमा प्यासी शुभ्रा एवं अर्नव प्यासी सहित अन्य परिजन उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती चौबे को संस्था की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया और सुखमय दीर्घायु की कामना की गई।

# आय से अधिक संपत्ति मामले में रिटा. नपा अधिकारी ढिमोले के गाडरवारा सहित लखनादौन आवास पर ई.ओ.डब्ल्यू. जबलपुर टीम का छापा

## दो करोड़ से अधिक की संपत्ति का हुआ खुलासा, बैक खातों सहित लॉकरों की खोजबीन जारी...

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।













कहा जाता है कि कोई भी व्यक्ति आम जनता को परेशान करते हुये भले ही कितना धन क्यों न कमा लेवे। मगर जब ऊपर वाले की दृष्टि घूमती है तो वह उससे बच नही पाता है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर के एमपीईबी कालोनी निवासी योगेन्द्र ढिमोले के साथ होते हुये देखी जा रही है। बताया जाता है कि लगभग एक माह पहले स्थानीय नगर पालिका के सहायक राजस्व निरीक्षक के पद से सेवा निवृत हुये योगेन्द्र ढिमोले के आवास पर शुक्रवार की सुबह जबलपुर से आई हुई आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ की टीम द्वारा अचानक गाडरवारा सहित उनके लखनादौन आवास पर छापा मारते हुये आये से अधिक संपत्ति की जांच की जा रही है। बताया जाता है कि नगर के राजीव वार्ड एमपीईबी कालोनी में जब शुक्रवार की सुबह अचानक आधा दर्जन गाड़ियाँ एक साथ प्रवेश करते हुये सेवा निवृत हुये योगेन्द्र ढिमोले के घर के सामने रूकने के साथ साथ उन वाहनों में सबार अधिकारी व भारी पुलिस बल जो हथियारों से लेस घर के अंदर प्रवेश करते हुये देखे गये तो जहां संपूर्ण कालोनी में सनसनी का महौल निर्मित होने से नही चूक पाया था। वही जब यह खबर शहर में धीरे धीरे फैलाना शुरू हुई और मीडिया के लोग मौके पर पहुंचे तो जानकारी मिली की सेवा निवृत हुये योगेन्द्र ढिमोले के खिलाफ आये से अधिक संपत्ति की शिकायत होने के चलते जबलपुर से आई हुई E.O.W.टीम द्वारा छापा डाला गया है। जांच टीम में शामिल अधिकारी मनजीत सिंह द्वारा पत्रकारों को इस कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुये बताया है कि जब योगेन्द्र पिता अनिरूद्व ढिमोले जब दो साल पहले लखनादौन नगर पालिका के सी.एम.ओ के प्रभार पदस्थ थें उस समय आये से अधिक संपत्ति अर्जित करने को लेकर शिकायत की गई थी। उस शिकायत के आधार पर हमारे द्वारा अलग अलग माध्यम से जांच करते हुये पुष्टि किये जाने के बाद नरसिंहपुर विशेष न्यायालय से सर्ज बारंट हासिल करते हुये उनके एम.पी.ई.बी कालोनी आवास पर लगभग 15 सदस्यीय टीम द्वारा सुबह 6 बजे छापा डाला गया है और जांच की जा रही है। वही आज की जांच पूरी होने के बाद इसका विवरण बताया जा सकता है। इस तरह शुक्रवार के पूरे दिन योगेन्द्र ढिमोले के आवास के अंदर जबलपुर से आई हुई ई.ओ.डब्ल्यू. टीम जांच करते हुये देखी गई। वही आवास के सामने भारी पुलिस बल हथियारों के साथ तैनात रहते हुये किसी भी बाहरी व्यक्ति को प्रवेश नही करने दिया गया। वही शुक्रवार की शाम E.O.W.टीम द्वारा शाम तक की गई कार्यवाही के संबंध में प्रेस नोट में माध्यम से पत्रकारों को अवगत कराते हुये बताया कि योगेन्द्र पिता अनिरूद्व ढिमोले राजीव वार्ड एम पी ई बी कालोनी के खिलाफ आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ जबलपुर द्वारा पूर्व प्रभारी सी.एम.ओ. (सहायक राजस्व निरीक्षक सेवा निवृत) नगर पालिका परिषद गाडरवारा के विरूद्व भ्रष्टाचार से करोड़ो रूपये की अनुपातहीन संपत्ति अर्जित करने की शिकायत के सत्यापन उपरांत शिकायत में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाये जाने पर आरोपी के विरूद्व अपराध क्रमांक 0/2026 अंतर्गत धारा 13(1), (बी), 13(2), भ्र.नि.अ. 1988 संशोधित 2018के तहत पंजीवद्व करते हुये जांच में लिया गया है। वही आज 3 जुलाई 2026 को ई.ओ.डब्ल्यू. जबलपुर द्वारा आरोपी योगेन्द्र ढिमोले के गाडरवारा तथा लखनादौन स्थित आवास तथा परिसरों में सर्च हेतु तीन टीमों का गठन किया गया। गाडरवारा स्थित तथा लखनादौन आवास में गठित टीमों द्वारा एक साथ सुबह 6 बजे छापे की कार्यवाही प्रारंभ की गई थी। वही अभी तक पाई गई संपत्ति के संबंध में जानकारी देते हुये जांच टीम द्वारा बताया कि गाडरवारा में मकान लगभग 1 करोड रूपये, नगदी राशि 45 हजार रूपये, घरेलू सामग्री की इन्वेंट्री 61 लाख रूपये, सोने के आभूषण बजन 209 ग्राम कीमत 3 लाख 50 हजार रूपये, चांदी के आभूषण 671 ग्राम 16 हजार रूपये, थार फोर व्हीलर 16 लाख रूपये, फोर्ड फिगो फोर व्हीलर 5 लाख 50 हजार रूपये की तथा योगेन्द्र ढिमोले एवं परिजनों के नाम से विभिन्न बैक शाखाओं में 8 खाते संचालित है। जिनकी अभी जमा राशि की जानकारी प्राप्त की जा रही है। वही लखनादौन स्थित आवास पर मकान 30 लाख रूपये, प्लाट ढ़ाई लाख रूपये, दुकान 70 हजार रूपय, कृषि भूमि 3 एकड़ 6 लाख रूपये, ट्रेक्टर 6 लाख रूपये, ट्राली 1 लाख 10 हजार रूपये, मिक्चर मशीन 65 हजार रूपये तथा योगेन्द्र ढिमोले की पत्नी श्रीमति गीता ढिमोले के नाम से बैक लखनादौन में एक लॉकर मौजूद है जिसकी जांच अभी बाकी है तथा बैक में एक एफ डी ढाई लाख रूपया की है। इस तरह अभी तक हुई जांच में आरोपी की कुल अनुमानित 2.36 करोड रूपये की अनुपातहीन संपत्ति उजागर हुई है। वही आरोपी के आवास पर प्राप्त दस्ताबेज, आभूषण, बैक खातों सहित नगद राशि आदि से संबंधित सर्च अभी जारी है तथा लॉकर खोला जाना बाकी है। वही कार्यवाही के दौरान और अधिक संपत्ति मिलने की संभावना व्यक्त की जा रही है। अभी तक प्राप्त जानकारी व दस्तावेज एवं विवरण के आधार पर जारी जांच में बहुमूल्य संपत्ति होने का अनुमान है। इस तरह नगर मे हुई इस बड़ी कार्यवाही के चलते दिन भर नगर में अनेक विभाग के अधिकारियों में हडकंप की स्थिति दिखाई देने से नही चूक पा रही थी। वही दूसरी ओर लोगों में अनेक प्रकार की चर्चाओं का बाजार गर्म होते हुये सुनाई देने से नही चूक रही थी।

## खबर संक्षेप

### विभागों में कर्मचारियों की कमी के चलते अनेक योजनाओं पर समय से नहीं हो पा रहा अमल, औपचारिकता पूर्ण बनी शासन की अनेक योजनाएं

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। यह बात अलग है कि केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा आम लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए अनेक प्रकार की जन कल्याणकारी योजनाएं चलाते हुए वह आमजन का भला करने की सोच रखे हुए है, मगर उन योजनाओं का सही क्रियान्वयन की सच्चाई पर गौर किया जावे तो वह अनेक विभाग में चल रही अधिकारियों व कर्मचारियों की कमी के चलते शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन मात्र औपचारिकता पूर्ण ही साबित होते हुए जान पड़ रहा है? क्योंकि सरकार की बेहतर मानी जाने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की गति वर्तमान में धीमी होने की स्थिति में इन दिनों क्षेत्रवासी निराशा में डूबने मजबूर हो गए है? जानकार सूत्रो के अनुसार यदि देखा जावे तो सरकार आमजनों के हितों को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई अधिकांश योजनाओं के जमीनी धरातल पर अमल में लाने के लिए शासकीय विभागो में कर्मचारियों की कमी बाधा बन रही है या फिर अधिकारी अपनी वाही वाही लूटने के उद्देश्य से उन योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के नाम पर सिर्फ कागजों तक सीमित रखते हुए सिर्फ औपचारिकता निभाते हुए ही जान पड़ रहे है? क्योंकि लगातार जन सुनवाई कार्यक्रमों का आयोजन होने के बाद भी आये दिन लोगों को अपनी समस्याओं के चलते अधिकारियों से लेकर नेताओं के कार्यालयों के चक्कर काटते हुये आसानी से देखा जा रहा है। जिसमें उनके द्वारा अपनी शिकायतों में यह बात का उल्लेख करते हुये देखे जा रहे है कि उन्हें इस योजना का लाभ नही मिल रहा है या फिर इस समस्या से जूझ रहे है? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब शासन के अधिकारियों द्वारा निर्धारित दिवसों पर जन सुनवाई या फिर शिविरों का आयोजन करते हुये शासन की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाया जा रहा है तो फिर इसके बाद लोग परेशान होते हुये क्यों घूम रहे है..? निश्चित ही आम लोगों को परेशान होते हुये देखकर इस बात का खुलासा होने से नही चूक पा रहा है कि अधिकारियों द्वारा आमजन की समस्याओं का निराकरण करने में दिलचस्वी नही ली जा रही है या फिर मात्र औपचारिकता ही निभाई जा रही है। जिसके चलते आम लोगों को परेशान होते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है? वही दूसरी ओर अनेक शासकीय विभाग कर्मचारियों की कमी से भी जूझते हुये देखे जा रहे है जिसके चलते आमजनों के लिये परेशानी का कारण साबित होने से नही चूक पा रहा है। क्योंकि इस समय अनेक शासकीय विभागो में कार्यरत कर्मचारियो के सेवानिवृत्त होने का सिलसिला चल रहा है और बहुत से शासकीय कर्मचारी ऐसे है जिन्हे तबादला फेक्ट्री की भेंट चढ़ा दिया गया है। जिसके चलते अनेक विभागों में खाली हुई पदों की भरपाई नही होने की स्थिति में वह पद खाली पड़े हुये है जिनके माध्यम से आम लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सकता था, मगर जब उन पदों पर जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी ही नही होगे तो फिर शासन की योजनाओं का समय पर लाभ मिल पाना मात्र एक कल्पना के आलवा और कुछ साबित होने वाला नही है?

### स्कूलों में दिये कम्पूटर खा रहे धूल?

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा बच्चों को जिस प्रकार से सुविधाएं प्रदान की जा रही है यदि उनका उन्हें सही लाभ मिल जावे तो निश्चित ही उनकी किस्मत बदलने में देर नही लग सकती है। मगर इन योजनाओं के लाभ से बच्चे कम व विभाग से जुडे अधिकारियों को अधिक लाभ होते हुए देखा जा रहा है? कुछ इसी प्रकार से गौर किया जावे तो विगत कुछ वर्षो पूर्व मध्यप्रदेश शासन शिक्षा विभाग मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देश के मुताबिक अनेक गांवों के मिडिल स्कूलों मे कम्प्यूटर ज्ञान देने खातिर मयसेट कम्प्यूटर रखाये गये थें, जिनका कभी किसी छात्र को लाभ तो हुआ नही मगर इन कम्प्यूटरों की स्थिति देखी जावे तो कुछ चोरी चले गये। कुछ के आधें अधूरे सिस्टम शेष है तो कई कोठरी मे बंद पडे हैं।

## पॉलीथिन उपयोग करने वालों के खिलाफ नपा ने छेड़ी मुहिम, जुर्माना लगाते हुये जप्त की गई पन्नी



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। पॉलीथिन के उपयोग पर प्रतिबंध होने के चलते जहां लगातार जागरूकता अभियान चलाते हुये लोगों को इनके उपरोग से रोका जा रहा है। मगर देखा जा रहा है कि इसके बाद भी लोगों द्वारा खुलेआम इस तरह पॉलीथिन का उपयोग करने से नही चूक रहे है। इस तरह शासन के निर्देष के परिपालन में पॉलीथिन उपयोग पर प्रतिबंध के बाबजूद पॉलीथिन का उपयोग करने पर नपा सीएमओ श्रीमति रितु मेहरा ने स्वयं नपा अमले के साथ मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्र में पहुंचकर जुर्माना की कार्यवाही करते हुये अलग अलग जगहों से बड़ी मात्रा में पॉलीथिन जब्त की गई। इसके साथ ही पॉलीथिन का उपयोग करते पाये जाने पर 10 हजार 600 रूपये जुर्माने की कार्यवाही की है। इस संबंध में नगर पालिका अधिकारी का कहना है कि नगर में शासन के आदेश के बाबजूद जमकर पॉलीथिन का उपयोग किया जा रहा है, जिससे प्रदूषण की संभावना लगातार बनी हुई है। शासन के स्पष्ट आदेश के बाबजूद पॉलीथिन विक्रय से लेकर पॉलीथिन का उपयोग करने की लगातार शिकायत मिल रहीं है। इसी तारतम्य में उक्त कार्यवाही की गई जिससे पॉलीथिन का उपयोग करने वालों में हड़कम्प की स्थिति देखी गई। नगर पालिका द्वारा यह कार्यवाही सतत रूप से जारी रहेगी। वही दूसरी ओर एक माह पहले नगर पालिका सहित राजस्व विभाग की टीम द्वारा शहर की सड़को से अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्यवाही करते हुये शहर की सड़को व चौराहों को अतिक्रमण मुक्त किया गया था। मगर इसके बाद कार्यवाही करने वाले अधिकारियों का तबादला होते हुये अतिक्रमणकारी फिर उन स्थानों पर अपना कब्जा जमाते हुये नजर आने लगे है। इस बात को लेकर नवागत सीएमओ श्रीमति रितु मेहरा ने बताया कि अभी कुछ समय पहले जिस तर्ज पर अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई गई थी, उसी तर्ज पर पुनः अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान उन्होंने समस्त नगर वासियों से अपील की है कि यदि कहीं भी अतिक्रमण है तो स्वयं ही अपने अपने अतिक्रमण को हटा लें अन्यथा की स्थिति में जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी तथा अतिक्रमण के लिये उपयोग की गई समस्त सामग्री जप्त की जावेगी।

## झिकाली पुल के बीचों बीच खड़े रहने वाले वाहनों पर रोक लगाये जाने की उठाई जा रही है मांग, आमजन के लिये बन रही खतरे की संभावना..



हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा। जिस प्रकार से शासन द्वारा गाडरवारा क्षेत्र के लोगों को प्रदेश की राजधानी से सीधे जोड़ने के लिए झिकोली नर्मदा घाट पर पुल का निर्माण कराया गया है उसके चलते इस मार्ग पर लगातार वाहनों की संख्या में जहां इजाफा होते हुए देखा जा रहा है, वही इस नर्मदा पुल के निर्माण होने के कारण लोगों को भोपाल पहुंचने में काफी सुविधाजनक मार्ग साबित होते हुए देखा जा रहा है? इस समय इस पुल के ऊपर वाहन चालकों की हो रही मनमानी के चलते इस मार्ग से निकलने वाले लोगों की जिन्दगी के लिए खतरे की घंटी बजते हुए देखी जा रही है..? बताया जाता है कि आये दिन देखा जाता है कि अनेक बड़े वाहन चालकों द्वारा अपने वाहनों को पुल के ऊपर ही खड़ा करते हुए जहां मटर गस्ती करते हुए देखा जाता है तो वही दूसरी ओर अनेक वाहन चालक तो इस समय चल कोरोना कर्प्यू के दौरान चोरी छिपे चल रही नास्ता की दुकानों के कारण पुल के ऊपर ही वाहन खड़ा करते हुए चाय नास्ता करने में मग्न हो जाते है? इस स्थिति के चलते जब कोई दूसरा वाहन इस मार्ग से निकलता है तो उसे पुल पार करने में काफी परेशानी का सामना तो करना ही पड़ता है। इस प्रकार से भारी भरकम ट्रकों सहित बसों व अन्य चार पाहिया वाहनों के चलाको द्वारा घंटो तक अपने वाहन खड़े किये जाने की सच्चाई को लेकर हरिभूमि द्वारा पूर्व में भी प्रशासन को अनेको वार इस सच्चाई से अवगत कराया जा चुका है। मगर इसके बाद भी प्रशासन द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने से अब यह जान पड़ने लगा है कि शायद प्रशासन ही कर रहा है कि बड़ी घटना का इंतजार? जबकि गौर किया जावे तो बीते हुये वर्ष इसी प्रकार से जब दो मासूम इस पुल के ऊपर से पैदल गुजर रहे थें, उसी दौरान एक वाहन के अचानक आ जाने के बाद उसकी आवाज से घबराकर दो मासूम बच्चियाँ पुल के नीचे यानि की नर्मदा नदी में गिर जाने से उनकी मौत हो चुकी है इसके आलवा पुल के ऊपर वाहनों के खड़े रहने की स्थिति में अन्य घटनाएं भी घटित हो चुकी है। मगर इसके बाद भी प्रशासन इस सच्चाई को जिस प्रकार से नजर अंदाज कर रहा है उसके चलते किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? वही बताया जाता है कि ग्राम झिकोली सांईखेड़ा पुलिस थाने की सीमा में आता है, मगर पुल पर प्रवेश करते ही सांईखेड़ा थाने की सीमा समाप्त होने के कारण जहां सांईखेड़ा पुलिस इन मनचले वाहन चालकों पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही करने में असमर्थ जान पड़ रही है? वही दूसरी ओर यह संपूर्ण पुल समीपस्थ उदयपुरा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता हुआ बताया जा रहा है? जिसके चलते सही मायने में देखा जावे तो पुल के ऊपर खड़े होने वाली वाहनों को लेकर उदयपुरा पुलिस की उदासीनता किसी दिन कोई बड़ी घटना का कारण साबित हो सकती है? क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जब पुल के ऊपर वाहन खड़े होते है तो उन्हे अपने वाहन निकालने में काफी परेशान होने के साथ साथ पुल के नीचे गिरने का भय तो बना ही रहता है, जिसके चलते पुल के ऊपर खड़े वाहनों को निकलने का इंतजार करते हुए अपना मूल्यवान काफी समय बर्बाद करना पड़ता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई दो पाहिया वाहनों की देखी जाती है जब कोई व्यक्ति दो पाहियां वाहन पर किसी महिला को लेकर निकता है तो पुल के ऊपर खड़े हुये इन वाहनों के चलते जहां उसे अपनी जान जोखिम में डालने के लिए मजबूर देखा जाता है, वही दूसरी ओर पुल के ऊपर खड़े रहने वाले मनचले वाहन चालकों की छिटाकशी का शिकार भी होते हुए देखा जाता है?

## ग्रामीण क्षेत्रों में कागजों के हिसाब से तो नियुक्त है स्वास्थ्य कर्मी, मगर चक्कर कटते रहते है ग्रामीणजन

हरिभूमि न्यूज/चीचली। क्षेत्र के अंतर्गत अनेक गांवों में अनेक शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापति किये गये है, मगर यदि ईमादारी से देखा जावे तो इन शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अंतर्गत ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाएँ चरमरा रही है? एक तरफ मौसमी बीमारियों का प्रकोप होने के साथ



साथ इस समय कोरोना वायरस की दहशत संपूर्ण क्षेत्रवासियों को दहशत में डालने से नही चूक रही है तो दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य कमी नर्स व मलेरिया वर्कर अपने मुख्यालय से गायब रहतें है? ऐसे में टीकाकरण सहित शासन द्वारा ग्रामीणजनों के नाम पर चलाई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का क्या हाल होगा इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है, शायद ही इसका किसी के पास कोई जबाव हो? वही दूसरी ओर देखा जावे तो इस समय लगातार फैल रही मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ते हुये क्रम में देखने मिल रही है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई प्रसूताओं व शिशुओं के लिए टीकाकरण में भी देखने मिल रही है जो ग्रामीण क्षेत्रों में शायद ही कभी निर्धारित तिथि पर लगते हुये देखे जा रहे हो, इस सच्चाई को लेकर बताया जाता है कि गॉवों में प्रसूताओं को नर्से बजाय शासकीय दवाएँ उपलब्ध कराने के बाजार की दवाएँ मगवाती है जबकि गौर किया जावे तो राज्य सरकार का कहना है कि अस्पातालों के भण्डारण में सभी आवश्यक दवाएँ उपलब्ध है मगर इसके बाद भी प्रसूताओं एवं रोगियों के लिए ये दवाएँ गॉवों में पहुँच रही है कि नही इस बात का पता नही चल रहा है कि आखिर में ग्रामीणों को मिलने वाले दबाईयाँ कहा चली जाती है? इस प्रकार से प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीणों के हितों को ध्यान में रखते हुए चलाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की योजनाओं पर जहां प्रश्न चिन्ह लगते हुए जान पड़ रहा है? वही दूसरी ओर लोगों को ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित स्वास्थ्य केन्द्रो से लाभ नही मिलने की स्थिति में वह भटकते हुए देखे जा रहे है।

## सर्वर डाऊन रहने से परेशान हो रही लोग, शासन की सुविधा बन रही दुविधा

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। सरकार द्वारा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की सोच के चलते अब सभी प्रकार के शासकीय कार्यो को आन लाइन व्यवस्था से जोड़े जा रहे है। मगर ग्रामीण क्षेत्रों में यह व्यवस्था आम लोगों के लिए सुविधा की जगह दुविधा बनने में कोई कसर नही छोड़ रही है? बताया जाता है कि इस समय जहां किसानों के अनाज खरीद कार्य करने के लिए सरकार द्वार चलाई जा रही अनेक योजना से लेकर छात्र छात्राओं के लिये अनेक प्रतियोगिता परीक्षाओं में भाग लेने के साथ साथ नया शिक्षा सत्र शुरू होने के कारण बच्चों द्वारा अपने स्कूल व महाविद्यालयों में प्रवेश के लिये पंजीयन व फार्म भरने का कार्य चल रहे है। वही सेवा सहकारी समितियों में अपने उपभोक्ताओं के लिए खाद्यान्न वितरण कार्य भी मशीनों के माध्यम से किया जा रहा है। जिसके चलते देखा जा रहा है कि सेवा सहकारी समितियों में प्रतिदिन अपना रजि. कराने वाली किसानों की भीड़ लग रही हैं। मगर यहां पर आये दिन सर्वर डाऊन होने के कारण किसानों के रजि. नही हो पाने की स्थिति में उन्हें खाली हाथ अपने घरों को लौटने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है...? कुछ इसी प्रकार की स्थिति उन गरीबों की भी देखने मिल रही है जो सेवा सहकारी समिति में जब वह अपना खाद्यान्न लेने पहुंचते है तो वहां पर अनेक लोगों के पी ओ एस मशीन में फिंगर प्रिंट मेल नही खाने के कारण उनकी पर्ची नही मिलकर पा रही है। इस प्रकार से शासन द्वारा अच्छी सोच के चलते शुरू की गई यह सुविधा अब किसानों के साथ साथ आम लोगों के लिए दुविधा साबित होने में कोई कसर नही छोड़ रही है? वही दूसरी ओर इस तरह से सर्वर में आ रही तकनीकी खराबी के चलते यहां पर कार्य करने वाले लोगों को आम उपभोक्ताओं के कोप का शिकार होना पड़ रहा है, जिसके चलते हितग्राही व सोसाईटी में कार्य करने वाले लोगों का कहना है कि सर्वर डाउन और फिंगर की समस्या के लिए बैकल्पिक व्यवस्था होना चाहिए जिससे सभी लोगों को आसानी से शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके मगर ऐसा नही हो पाने की स्थिति में लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को परेशान होते हुये देखा जा रहा है। इस समस्या के निदान की ओर न तो अधिकारी ध्यान देते हुये


## राष्ट्रीय स्तर के मार्ग पर कब मिलेगी गड्ढों से निजात



हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। भले ही सरकार द्वारा हर वर्ष अपने बजट में नई सड़को का निर्माण कराने के लिये अरबों रूपया खर्च करने की बात कही जा रही है। मगर जिस प्रकार से पुरानी सड़को की स्थिति हो रही है उस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही देने का परिणाम इस प्रकार से बन चुका है कि इन सड़को पर वाहन चालकों को सड़क खोजना मुश्किल होने लगा है..? इस बात की सच्चाई इस समय राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख माने जाने वाले जबलपुर से भोपाल की ओर जाने वाले गाडरवारा पिपरिया के बीच देखने मिल रही है, जहां पर इस मार्ग पर गड्ढो की भरमार होने के कारण आये दिन घटनाएं घटित होना आम बात हो चुकी है। वही दूसरी ओर समीपस्थ ग्राम पनागर के पास स्थित नाग मंदिर के समीप सड़क पर निकला हुआ गड्ढा अब वाहन चालकों के लिये जान लेवा साबित होते हुये दिखाई देने से नही चूक रहा है। बताया जाता है कि यह गड्ढा दिनों दिन अपना रूप बढ़ाते हुये दिखाई दे रहा है जिसके चलते वाहन चालकों का निकलना मुश्किल हो गया है। बताया जाता है कि अब इस मार्ग से निकलने वाले वाहनों से शासन प्रशासन द्वारा टोल टेक्स के रूप में राशि बसूलने की भी तैयारी कर डाली है जिसके चलते टेल टेक्स बसूलने के लिये तैयार निजी कंपनी द्वारा सड़क सुधार के नाम पर लीपा पोती करते हुये गड्ढो को भरने के नाम पर कुछ जगहों पर मात्र औपचारिकता निभाते हुये पैसा बसूलने के नाम पर तैयार होकर बैठ चुकी है। मगर वाहन चालकों के लिये गड्ढो से कोई राहत दिखाई नही दे रही है।

## दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा के वार्ड क्रमांक 14 की सड़के बनी खेत, ऊंगती हुई फसल खोल रही विकास की पोल





हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। दादा धूनी वालो की नगरी सांईखेड़ा को ग्राम पंचायत से नगर परिषद बने हुये लगभग 9 साल से अधिक का समय निकल चुका है। जब नगर परिषद का दर्जा मिला था तो नगरवासियों के चेहरों पर इस बात को लेकर खुशी देखने मिल रही थी कि अब उन्हे शहरों की तरह सुविधाये मिलेगी और नगर के विकास में चार चांद लगने से नही चूकेगे। मगर नगरवासियों की यह सोच मात्र एक सपना बनकर रहते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रही है..? क्योंकि नगर विकास की सच्चाई नगर के अंदर वार्डो की सड़को पर दिखाई देने से नही चूक पा रही है। बताया जाता है कि नगर के वार्ड क्रमांक 14 के अंदर सड़को का हाल यह बना हुआ है कि वह खेत का रूप धारण करने से नही चूक रही है। हाल यह बना हुआ है कि वार्ड के मुख्य मार्ग पर निकले हुये गड्ढे के दौरान किसी वाहन चालक द्वारा गिर जाने के कारण उसका अनाज विखर गया होगा और वह बिखरा हुआ अनाज अब फसल के रूप में तैयार होकर लहलहाते हुये नगर के विकास की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ रहा है..? नगर नही की सच्चाई पर गौर किया जावे तो यहां पर जल सप्लाई के लिये लाईन डालने वाली कंपनी द्वारा जिस तरह से सड़की की खुदाई करते हुये उन्हे तहस नहस किया गया है उसका परिणाम नगरवासियों को भोगने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। बताया जाता है कि लोगों के घरों तक नर्मदा जल पहुंचाने की योजना के तहत जहां नगर की पक्की सड़को का नामोनिशान मिटा डाला है और वार्डो के हाल गांवो से बुरे कर दिये गये है। वार्डो की सड़को का हाल बारिश होते ही इस तरह बन चुका है कि कीचड़ का साम्राज्य स्थापित होने के कारण लोगों का अपने घरों से निकलना मुश्किल होने से नही चूकता है। इस बात की सच्चाई बारिश शुरू होते ही दिखाई देने लगी है।

## उफनती कसा नदी में बह गई कार, एसएफ जवान और चालक ने तैरकर बचाई जान






शहपुरा के बस्तरा मार्ग पर तेज बहाव में पुलिया पर फंसी कारए जलस्तर घटने के बाद ग्रामीणों ने ट्रैक्टर से निकाला बाहर

**डिंडौरी।** डिंडौरी जिले में लगातार हो रही बारिश के बीच शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। शहपुरा थाना क्षेत्र के बस्तरा गांव के पास उफनती कसा नदी की पुलिया पार करते समय एक कार तेज बहाव में फंस गई और बहते हुए पुल से नीचे चली गई। कार में सवार एसएफ जवान और चालक ने समय रहते बाहर निकलकर तैरते हुए अपनी जान बचा ली। बाद में ग्रामीणों की मदद से कार को नदी से बाहर निकाला गया।जानकारी के अनुसार जबलपुर बटालियन में पदस्थ एसएफ जवान पदमजीत गौरा छुट्टी पर अपने गृह क्षेत्र आए हुए थे। शुक्रवार सुबह वे कार क्रमांक एमपी.20.सीएम.3505 से अपनी बहन और जीजा से मिलने बस्तरा गांव जा रहे थे। सुबह करीब 9 बजे बस्तरा के पास कसा नदी की पुलिया पर पहुंचने के दौरान पुल के ऊपर तेज गति से पानी बह रहा था। इसी बीच जलस्तर तेजी से बढ़ गया और कार पुलिया के बीचोंबीच फंस गई। कुछ ही क्षणों में तेज बहाव के कारण कार अनियंत्रित होकर पुल से नीचे नदी में बह गई और करीब आधा किलोमीटर दूर जाकर रुकी।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसएफ जवान और चालक ने तुरंत कार से बाहर निकलकर तैरते हुए सुरक्षित किनारे पहुंचकर अपनी जान बचाई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य में जुट गए। बाद में नदी का जलस्तर कम होने पर ग्रामीणों ने ट्रैक्टर की सहायता से कार को बाहर निकाल लिया।सूचना मिलने पर शहपुरा थाना प्रभारी अनुराग जामदार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। यह घटना एक बार फिर बारिश के मौसम में उफनती नदियोंए पुलिया और रपटों को पार करने के खतरे की गंभीर चेतावनी बनकर सामने आई है। प्रशासन ने भी लोगों से अपील की है कि तेज बहाव के दौरान किसी भी पुलिया या रपटा को पार करने का जोखिम न उठाएं।

# चंदनघाट में नर्मदा आरती के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान का भव्य समापन

**डिंडौरी।** जल संरक्षण को जन.आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान का विकासखंड स्तरीय समापन समारोह ग्राम सुकुलपुरा के पावन चंदनघाट में श्रद्धाए उत्साह और जनभागीदारी के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मां नर्मदा की भव्य आरतीए भजन.कीर्तनए जल संरक्षण की सामूहिक शपथ तथा अभियान के दौरान किए गए कार्यों की जानकारी साझा करते हुए जल बचाने का संदेश दिया गया।30 जून 2026 की संध्या बेला में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां नर्मदा की विधिवत पूजा.अर्चना एवं भव्य आरती से हुआ। विकासखंड समन्वयक श्रीमती अंजू दुबे के नेतृत्व में नवांकुर संस्था के पदाधिकारियोंए मेंटर्सए प्रस्फुटन समिति के सदस्यों एवं ग्रामवासियों ने दीप प्रज्वलित कर ष्हर.हर नर्मदेष के जयघोष के साथ मां नर्मदा की आराधना की। आरती के पश्चात मातृशक्ति द्वारा प्रस्तुत भजन.कीर्तन ने पूरे चंदनघाट को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया।समारोह के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने मां नर्मदा सहित सभी जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाए रखनेए जल का दुरुपयोग रोकने तथा जल की प्रत्येक बूंद को बचाने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी अभियान नहींए बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित



भविष्य के लिए जल बचाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

कार्यक्रम में नवांकुर संस्था के प्रतिनिधियों ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान चंदनघाट की व्यापक साफ.सफाईए पौधारोपणए जनजागरूकता गतिविधियां तथा जल संरक्षण के प्रति लोगों को प्रेरित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गएए जिनमें ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।समापन समारोह में विकासखंड समन्वयक श्रीमती अंजू दुबेए नवांकुर संस्था के पदाधिकारीए मेंटर्सए प्रस्फुटन समिति के सदस्यए ग्राम पंचायत के सरपंच रघुवर धुर्वेए उपसरपंच सोनू साहूए वरिष्ठ पंच एवं साहू समाज अध्यक्ष आनंद कुमार साहूए नर्मदा समिति अध्यक्ष शिवम साहूए नर्मदा सेवी नरेन्द्र साहूए कार्तिक साहूए समाजसेवी संतोष साहूए सुशील साहूए बदन द्विवेदीए रामजी साहूए शंकर साहूए पोषालाल साहूए लिखारी लाल मांझी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन जल संरक्षण के सामूहिक संकल्प और मां नर्मदा के जयघोष के साथ हुआ। उपस्थित लोगों ने जल गंगा संवर्धन अभियान को जनभागीदारी से सफल बनाने तथा भविष्य में भी जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया।

## जैविक खेती को बढ़ावा देने जैव आदान संसाधन केंद्र का भ्रमण, प्राकृतिक कृषि अपनाने का किया आह्वान

**डिंडौरी।** भारतीय किसान संघ की अखिल भारतीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती गिरजा दीदी ने कहा कि बढ़ते पर्यावरणीय संकट और रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों को देखते हुए जैविक खेती अपनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक कृषि को अपनाकर मिट्टी की उर्वरताए पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य की रक्षा में योगदान देने का आह्वान किया।डिंडौरी प्रवास के दौरान श्रीमती गिरजा दीदीए महाकौशल प्रांत संगठन मंत्री श्री तुलारामए महिला संयोजिका श्रीमती सेवंती बरखानिया तथा नरसिंहपुर जिला प्रचार.प्रसार प्रमुख श्री नितिन तिवारी ने नर्मदांचल गौ सेवा समितिए ढोंढ़ा में संचालित जैव आदान संसाधन केंद्र ;बीआरसीद्ध एवं जैविक फार्म हाउस का भ्रमण किया। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष एवं जैविक कृषि विशेषज्ञ बिहारी लाल साहू ने अतिथियों को जैविक खेती से जुड़े नवाचारों एवं विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी।



भ्रमण के दौरान अतिथियों ने गोबर गैस संयंत्रए जीवामृत निर्माण इकाई तथा जैविक खेती के मॉडल का अवलोकन किया। श्री बिहारी लाल साहू ने बताया कि गोबरए गोमूत्रए गुड़ए बेसन और खेत की मिट्टी से तैयार जीवामृत मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के साथ फसलों को प्राकृतिक पोषण प्रदान करता है। वहीं गोबर गैस संयंत्र से प्राप्त गैस घरेलू ईंधन के रूप में उपयोग की जाती हैए जबकि उससे निकलने वाली स्लरी उत्कृष्ट जैविक खाद के रूप में खेतों में इस्तेमाल होती है।महाकौशल प्रांत संगठन मंत्री तुलाराम ने कहा कि जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को किसानों के लिए प्रशिक्षणए आर्थिक सहायताए विपणन की बेहतर व्यवस्था तथा उचित मूल्य सुनिश्चित करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाने चाहिए। इससे अधिक से अधिक किसान प्राकृतिक खेती की ओर आकर्षित होंगे।इस अवसर पर बिहारी लाल साहू ने बताया कि वे पिछले दस वर्षों से जैविक खेती कर रहे हैं तथा किसानोंए विद्यार्थियोंए शासकीय संस्थानों और सामाजिक संगठनों को नियमित रूप से प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। उनके फार्म हाउस में जैविक खेती का लाइव प्रदर्शन भी कराया जाता हैए जिससे किसान प्राकृतिक खेती की तकनीकों को व्यवहारिक रूप से समझकर अपने खेतों में अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

# आकांक्षी विकासखंड मेहंदवानी में विकसित भारत.जीराम.जी योजना का शुभारंभ

**डिंडौरी।**

आकांक्षी विकासखंड मेहंदवानी में शुक्रवार को विकसित भारत.जीराम.जी योजना का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के मुख्य आतिथ्य में जनपद पंचायत परिसर में किया गया। इस अवसर पर नवीन जनपद पंचायत भवन निर्माण का भूमिपूजन भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियोंए अधिकारियोंए कर्मचारियोंए सरपंचों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि विकसित भारत.जीराम.जी योजना के तहत प्रत्येक जॉब कार्डधारी परिवार को वर्ष में 125 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक जुलाई 2026 से मजदूरी दर




बढ़ाकर 300 रुपये प्रतिदिन कर दी गई है। साथ ही यदि निर्धारित समय.सीमा में मजदूरी का भुगतान नहीं होता है तो हितग्राहियों को विलंबित भुगतान का लाभ मिलेगा। वहीं ग्राम पंचायत द्वारा समय पर रोजगार उपलब्ध नहीं कराए जाने की स्थिति में योजना के प्रावधानों के अनुसार बेरोजगारी भत्ता भी दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत जल संरक्षण एवं जल सुरक्षाए ग्रामीण अधोसंरचना विकासए आजीविका संवर्धन तथा जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियों के समाधान संबंधी कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। इन चार प्रमुख क्षेत्रों के आधार पर ग्राम पंचायतें स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कार्ययोजना तैयार कर विकास कार्यों का क्रियान्वयन करेंगी।इस अवसर पर विधायक श्री धुर्वे ने नवीन जनपद पंचायत भवन निर्माण का भूमिपूजन करते हुए कहा कि इससे प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष रामप्रसाद तेकामए जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेखा आर्मोए बद्री साहूए दुर्गेश साहूए मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रमोद ओझा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मौजूद सरपंचों एवं ग्रामीणों ने विकसित भारत.जीराम.जी योजना का स्वागत करते हुए इसे ग्रामीण विकासए रोजगार सृजन और समावेशी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। साथ ही नवीन जनपद पंचायत भवन निर्माण को क्षेत्र में बेहतर प्रशासनिक सेवाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# जांच में वित्तीय अनियमितताओं की पुष्टि ग्राम पंचायत बम्हनी के सरपंच को पद से हटाने का प्रस्ताव

**डिंडौरी।** जनपद पंचायत समनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी के सरपंच रतिराम मुराली के विरुद्ध वित्तीय अनियमितताओंए पंचायत निधि के दुरुपयोग एवं शासकीय संपत्ति के अनुचित उपयोग से संबंधित शिकायतों की जांच में कई आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए हैं। जांच प्रतिवेदन के आधार पर मुख्य कार्यपालन अधिकारीए जनपद पंचायत समनापुर ने मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियमए 1993 की धारा 40ए 89 एवं 92 के तहत कार्रवाई करते हुए सरपंच को पद से पृथक किए जाने का प्रस्ताव जिला पंचायत डिंडौरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भेजा है।जांच प्रतिवेदन के अनुसार ग्राम पंचायत बम्हनी के विरुद्ध सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न माध्यमों से लगातार शिकायतें प्राप्त हुई थीं। जांच के




दौरान पंचायत के वित्तीय एवं प्रशासनिक कार्यों में कई अनियमितताओं का उल्लेख किया गया है।

प्रतिवेदन में बताया गया है कि प्राथमिक विद्यालय भवन के ध्वस्तीकरण के बाद प्राप्त छप्पर सामग्री का नियमानुसार नीलामी किए बिना उसे सरपंच द्वारा अपने घर ले जाने की शिकायत सही पाई गई। रिपोर्ट में उल्लेख है कि शासकीय सामग्री के नियमानुसार निस्तारण नहीं होने से पंचायत को लगभग 15 हजार रुपये की आर्थिक क्षति हुई।जांच में पंचायत भवन निर्माण कार्य में भी अनियमितता सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार स्वीकृत राशि का अधिकांश भुगतान कर दिया गयाए जबकि निर्माण कार्य अब तक अधूरा है। बिना विधिवत मूल्यांकन के भुगतान किए जाने का भी उल्लेख प्रतिवेदन में किया गया है।प्रधानमंत्री आवास योजना के एक प्रकरण में जांच में पाया गया कि हितग्राही श्रीमती मूला बंजारी के आवास निर्माण के लिए जारी किश्तों की राशि सरपंच के निजी बैंक खाते में जमा हुई। जांच रिपोर्ट के अनुसार इसके बावजूद संबंधित हितग्राही का आवास अब तक पूर्ण नहीं हो सकाए जिसे गंभीर वित्तीय अनियमितता माना गया है।ग्राम पंचायत की बाजार नीलामी और महई मेले से प्राप्त आय के संधारण में भी अनियमितताओं का उल्लेख किया गया है। जांच में पाया गया कि वसूली गई पूरी राशि पंचायत खाते में जमा नहीं कराई गईए जिससे पंचायत को एक लाख रुपये से अधिक की आर्थिक क्षति होने की बात प्रतिवेदन में कही गई है।मनरेगा योजना के तहत भी एक कार्य में राशि का भुगतान किए जाने के बावजूद मौके पर कार्य नहीं मिलने का उल्लेख जांच रिपोर्ट में किया गया है। इसे प्रशासनिक स्वीकृति और शासकीय धन के उपयोग में अनियमितता माना गया है।जांच प्रतिवेदन में यह भी उल्लेख है कि सीएम हेल्पलाइन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त अधिकांश शिकायतें जांच के दौरान सही पाई गईं। जांच अधिकारी ने प्रतिवेदन में पंचायत निधिए शासकीय योजनाओं एवं पंचायत की आय के प्रबंधन में गंभीर अनियमितताओं का उल्लेख किया है।मुख्य कार्यपालन अधिकारीए जनपद पंचायत समनापुर ने जांच प्रतिवेदन के आधार पर जिला पंचायत डिंडौरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भेजे प्रस्ताव में सरपंच रतिराम मुराली के विरुद्ध नियमानुसार प्रकरण दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई करने तथा उन्हें पद से पृथक किए जाने की अनुशंसा की है।

## बारिश के आगे बेबस नगर परिषद जलभराव से जनजीवन प्रभावित



**शहपुरा।** लगातार दो दिनों से हो रही बारिश ने शहपुरा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन अस्त.व्यस्त कर दिया है। तेज वर्षा के चलते नदी.नाले उफान पर हैंए खेत.खलिहान पानी से लबालब भर गए हैं और कई संपर्क मार्गों पर आवागमन प्रभावित हुआ है। वहीं नगर परिषद क्षेत्र में जल निकासी की अपर्याप्त व्यवस्था के कारण जगह.जगह जलभराव और कीचड़ से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।बारिश के बाद नगर की प्रमुख सड़कों पर पानी भर जाने से राहगीरों और वाहन चालकों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर सीमा में बनाए गए डिवाइडरों के कारण वर्षा जल की निकासी बाधित हो रही हैए जिससे सड़क के दोनों ओर पानी जमा हो रहा है। कई स्थानों पर कीचड़ फैलने से फिसलकर गिरने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं।वार्ड क्रमांक.1 के समीप डिवाइडर के पास स्थित पुलिया क्षतिग्रस्त होने के बावजूद उसकी अब तक मरम्मत नहीं कराई गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस संबंध में कई बार शिकायतें की गईं और समाचारों के माध्यम से भी मामला उठाया गयाए लेकिन नगर परिषद ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।नगर के विभिन्न वार्डों में नालियां गंदगी से अटी होने के कारण वर्षा जल की निकासी प्रभावित हो रही है। इससे कई क्षेत्रों में लंबे समय तक पानी भरा रहने की स्थिति बन रही है। वहीं अनेक स्थानों पर स्ट्रीट लाइट बंद होने से रात के समय आवागमन और अधिक जोखिमपूर्ण हो गया है।स्थानीय नागरिकों ने नगर परिषद पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही जल निकासी व्यवस्था में सुधारए क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत तथा नालियों की नियमित सफाई नहीं कराई गईए तो आमजन को आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### अनूपपुर में रातभर रुक-रुक कर बरसे मेघ खरीफ की बुवाई ने पकड़ी रफ्तार

**अनूपपुर।** जिले में गुरुवार रात से रुक-रुक कर हो रही बारिश ने किसानों के चेहरों पर राहत लौटा दी है। लगातार हो रही वर्षा से खेतों में पर्याप्त नमी बनने लगी है, जिसके चलते किसान खरीफ सीजन की बुवाई में तेजी से जुट गए हैं। जिले में अब तक खरीफ फसलों की करीब 21 प्रतिशत बुवाई पूरी हो चुकी है और अगले कुछ दिनों तक अच्छी बारिश जारी रहने पर यह रफ्तार और बढ़ने की उम्मीद है। बारिश के बाद किसान धान, सोयाबीन, मक्का, उड़द और अन्य खरीफ फसलों की बुवाई के लिए खेत तैयार करने में लगे हैं। कृषि विभाग भी किसानों को मौसम की स्थिति को देखते हुए समय पर बुवाई और उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने की सलाह दे रहा है। मौसम विभाग के अनुसार मध्य प्रदेश में अगले 72 घंटे तक कई जिलों में बारिश और गरज-चमक का दौर जारी रहने की संभावना है। ऐसे में किसानों के लिए यह बारिश खरीफ सीजन के लिहाज से लाभदायक मानी जा रही है, हालांकि आकाशीय बिजली और तेज हवा को देखते हुए सतर्क रहने की भी सलाह दी गई है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यदि अगले कुछ दिनों तक इसी तरह बारिश होती रही तो जिले में खरीफ फसलों की बुवाई तेजी से पूरी हो सकेगी और उत्पादन की बेहतर संभावना बनेगी। वहीं प्रशासन ने किसानों से मौसम विभाग के अलर्ट पर नजर रखने और खराब मौसम के दौरान खेतों में अनावश्यक रूप से नहीं जाने की अपील की है।

### जिले में बीते 24 घंटे में 37.6 मिमी वर्षा दर्ज

**उमरिया।** अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि बीते 24 घंटे में 37.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। बांधवगढ़ तहसील में 39 मिमी, मानपुर तहसील में 31.5 मिमी, पाली तहसील में 30.6 मिमी, नौरोजाबाद तहसील 34.2 मिमी, चंदिया तहसील में 36.2 मिमी, करकेली तहसील में 39.8 मिमी, बिलासपुर तहसील में 52.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से लेकर 3 जुलाई तक बांधवगढ़ तहसील में 135.6 मिमी, मानपुर तहसील में 65.4 मिमी, पाली तहसील में 134.4 मिमी, नौरोजाबाद तहसील 130.2 मिमी, चंदिया तहसील में 82.5 मिमी, करकेली तहसील में 147.7 मिमी, बिलासपुर तहसील में 95 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी दिनांक तक बांधवगढ़ तहसील में 222.8 मिमी, मानपुर तहसील में 215.4 मिमी, पाली तहसील में 140.4 मिमी, नौरोजाबाद तहसील 147.4 मिमी, चंदिया तहसील में 252.8 मिमी, करकेली तहसील में 186 मिमी, बिलासपुर तहसील में 321.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई

### चोरी से चल रहे पंप बिजली विभाग नहीं कर रहा कार्रवाई

**ब्यौहारी।** विकासखंड व्यवहारी के अंतर्गत विद्युत वितरण केंद्र बाणसागर के ग्राम बुढ़वा के धरी नंबर 2 और सथनी में कई लोगों के मोटर आज 5 सालों से बिना किसी कनेक्शन के चल रहे इन लोगों के द्वारा बिना कनेक्शन लिये बिजली विभाग को चपत बैठाई जा रही है यदि विद्युत विभाग ईसकी जांच कराये तो इसका खुलासा हो सकता है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार धरी नंबर 2 के छिपियान मोहल्ला के प्रदुमन द्विवेदी, तेजी लाल नामदेव, शिवकुमार नामदेव एवं आधा दर्जन लोग सालों से बीना कनेक्शन के मोटर चला रहे इसी तरह से सथनी में भी कई लोग बिना कनेक्शन के मोटर चला रहे हैं बाणसागर विद्युत विभाग में जानकारी दी गई लेकिन उनके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई क्षेत्रवासियों ने कलेक्टर से विद्युत चोरी करने वालों की खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन



**तेंदूखेड़ा।** समीपी ग्राम सुन्हेटी में भगवान बांके बिहारी की असीम कृपा से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 30 जून से 6 जुलाई तक किया जा रहा है। कथा व्यास पं कमल गिरी महाराज के मुखारविंद से भगवत लीलाओं का गुणानुवाद किया जा रहा है। विशाल कलश यात्रा के साथ शुरू हुई इस कथा में श्रीमद्भागवत कथा श्रवण का महत्व ध्रुव भरत चरित्र अजामिल परीक्षित जन्म सहित विभिन्न विंदुओं पर काफी विस्तार से प्रकाश डाला जा रहा है। कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रोता पहुंच रहें हैं।

### नामदेव समाज विकास परिषद की प्रदेश स्तरीय बैठक 12 को

**तेंदूखेड़ा।** नामदेव विकास परिषद भोपाल की प्रदेश स्तरीय बैठक आगामी 12 जुलाई को आयोजित की गई है। निर्वाचन तथा नई कार्यकारिणी यह पहली बैठक संत नामदेव सामुदायिक भवन 12 दफ्तर जवाहर चौक भोपाल में आयोजित की जा रही है। हमारे प्रतिनिधि को प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र नामदेव से मिली जानकारी के अनुसार इस बैठक में प्रशासनिक संगठनात्मक तथा सामाजिक गतिविधियों से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की जायेगी। जिसमें प्रदेश के सभी नव निर्वाचित और नव नियुक्त पदाधिकारियों सदस्यों को बैठक में दोपहर साढ़े ग्यारह बजे से उपस्थित होना आवश्यक है।

### नही रही श्रीमती राजकुमारी ममार



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस नगर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता स्व. श्री रामस्वरूप सिंह पटेल की धर्मपत्नी, लोक अभियोजक धर्मेंद्र ममार व रंजित ममार की माताजी श्रीमती राजकुमारी पटेल का निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। जहां पर समाज के सभी वर्गो द्वारा श्रद्धांजलि दी गई।

### काव्य दीप सम्मान से सम्मानित हुयी मेघा



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** हिंदी साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए प्रसिद्ध साहित्यकार मेघा को प्रतिष्ठित काव्य दीप सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह गरिमामयी समारोह 1 जुलाई को इंदौर के रीगल तिराहा स्थित प्रीतमलाल दुआ सभागार में आयोजित किया गया। यह सम्मान मातृभाषा उन्नयन संस्थान द्वारा गीतऋषि स्वर्गीय डॉ. कुंअर बैचेन की पावन स्मृति में आयोजित किया गया था। मेघा को यह सम्मान इंदौर के लोकप्रिय सांसद शंकर लालवानी के कर-कमलों द्वारा प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

### करेली का गुड़ व बरमान घाट का बैंगन को मिली राष्ट्रीय पहचान

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश ने उद्यानिकी क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धि दर्ज करते हुए देश में पहली बार एक साथ 12 उद्यानिकी उत्पादों को भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग प्राप्त कर नया इतिहास रचा है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के साथ नरसिंहपुर जिले के पारंपरिक उत्पाद- करेली का गुड़ एवं बरमान घाट का बैंगन को भी राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान मिल गई है। चेन्नई स्थित भौगोलिक संकेतक रजिस्ट्री द्वारा जारी प्रमाण-पत्र के अनुसार इन दोनों उत्पादों का विधिवत जीआई पंजीकरण किया गया है।

## दिशा समिति की बैठक में की विभागवार समीक्षा

# हर पात्र हितग्राही तक समय पर पहुंचे योजनाओं का लाभ- सांसद





**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** शुक्रवार को सांसद दर्शन सिंह चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विभिन्न विकास कार्यों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। सांसद श्री चौधरी ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### पात्र हितग्राहियों को पहुंचाना लाभ

बैठक में सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि शासन की प्रत्येक योजना का लाभ समय सीमा के भीतर हर पात्र हितग्राही तक पहुंचाना सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार जनकल्याण और समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विकसित भारत एवं विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प को साकार करने में प्रशासनिक अमले की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने मैदानी स्तर पर कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की कि वे योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। सांसद श्री चौधरी ने सभी विभागों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, बेहतर समन्वय और निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### इन विभागों की हुई समीक्षा

बैठक के दौरान स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, खेल एवं युवा कल्याण, कृषि, कृषि उपज मंडी समिति, जिला सहकारी समिति, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, मध्यप्रदेश जल निगम, विद्युत विभाग, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, एनटीपीसी की सीएसआर गतिविधियां, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, आबकारी, कौशल विकास एवं उद्यमिता, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, श्रम, खनिज, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण सहित विभिन्न विभागों के एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती साधना स्थापक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़यि, तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह, गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश, पूर्व विधायक भैयाराम पटेल, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, दिशा समिति के सदस्य, अन्य जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए लेखा प्रशिक्षण 1 से

प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर ने बताया कि शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर में संभाग के समस्त शासकीय कार्यालयों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए लेखा प्रशिक्षण का नवीन सत्र एक अगस्त 2026 से प्रारंभ हो रहा है। संभाग के समस्त कार्यालय प्रमुख के अधीन कार्यरत नियमित लिपिक वर्गीय कर्मचारी, जिन्होंने परीक्षा अवधि पूर्ण कर ली हो, राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा एक जुलाई 2013 और वित्त विभाग के आदेश के अनुसार अनिवार्य अर्हता पूरी करते हैं, के आवेदन पत्र पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर आमंत्रित किए गए हैं। उक्त प्रशिक्षण के लिए आवेदन निर्धारित प्रपत्र में 15 जुलाई 2026 की शाम 6 बजे तक सुपर मार्केट तीसरी मंजिल गंजीपुरा रोड स्थित प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला कार्यालय जबलपुर में जमा किए जावेंगे। उक्त प्रशिक्षण मप्र शासन के समस्त विभागों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए निशुल्क एवं स्थानीय निकाय, अर्धशासकीय संस्थाओं के कर्मचारियों के लिए सशुल्क रहेगा, जो चयन होने के उपरांत प्रवेश के समय 5 हजार रुपये की राशि जमा करना अनिवार्य है।

# कांग्रेस ने सरकार पर लगाए आरोप




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारवार्ता आयोजित कर कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीमती सुनीता पटेल ने देश एवं प्रदेश से जुड़े गंभीर मुद्दों को लेकर सरकार पर निशाना साधाते हुए कहा कि कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में बार-बार सामने आ रही अनियमितताओं और पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों छात्रों एवं उनके अभिभावकों का विश्वास कमजोर किया है। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। राम मंदिर, अयोध्या में चोरी का प्रकरण पर सवाल उठाए । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से जुड़े कथित जमीन घोटाले के मामले पर कार्रवाई की मांग की गई। किसानों की समस्याओं पर भी सरकार को दोषी बताया। जिला कांग्रेस प्रवक्ता अजय दुबे एवं आशीष गुप्ता ने कहा कि जिले में अवैध खनन एवं उसके अवैध भंडारण पर लेकर मीडिया एवं सोशल मीडिया में पिछले दिनों से लगातार खबरें चल रही है सरकार ने एक टास्क फोर्स बनाकर सीमित जप्ती की है, पार्टी की मांग है कि केवल सांकेतिक कार्रवाई न कर जो वास्तविक दोषी हैं जिन्होंने बड़े पैमाने पर रेत का अवैध भंडारण किया हुआ है, उनकी पहचान कर उजागर की जाए एवं वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।

# अंतर जिला चोर गिरोह का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मोटर साइकिल चोर गिरोह का खुलासा किया गया। पुलिस ने बताया कि फरियादी वीरेन्द्र शाह, निवासी ग्राम हथनापुर, थाना करेली द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि शासकीय चिकित्सालय, नरसिंहपुर के सामने खड़ी उनकी मोटरसाइकिल किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 481/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर तंत्र एवं अन्य उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं चोरी गए वाहन की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि इतवारा बाजार, नरसिंहपुर में तीन युवक चोरी की मोटरसाइकिलें बेचने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल घेराबंदी कर दबिश दी गई, जहां तीन संदिग्ध युवकों को चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ पकड़ा गया।पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम अतुल दांगी, प्रिंस चैधरी एवं चिराग कुमार चैधरी बताए। तीनों आरोपी मोटरसाइकिलों के वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने संयुक्त रूप से जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर के पास से तथा जबलपुर, ग्राम भैसापाला (नरसिंहपुर) तथा भोपाल से कुल चार मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से कुल 04 चोरी की मोटरसाइकिलें, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 4 लाख है, बरामद की गईं।

# चेक बाउंस प्रकरण में आरोपी को सजा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस न्यायालय प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी धर्मेंद्र नागवंशी द्वारा धारा 138 एन.आई. एक्ट के प्रकरण क्रमांक 205/2021 श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड बनाम कमलेश काछी आत्मज राम प्रसाद काछी, निवासी ग्राम कोदसा, सिंहपुर, नरसिंहपुर को 150000 रुपए के चेक बाउंस प्रकरण में ब्याज, न्याय शुल्क अधिवक्ता शुल्क सहित 217500 रुपए के अर्थदंड व 1 साल के साधारण कारावास एवं राशि जमा ना करने पर 6 माह के अतिरिक्त कारावास से दण्डित किया है, परिवादी श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड शाखा प्रबंधक योगेंद्र बैरागी एवं कलेक्शन मैनेजर दीपक गुहेरिया, रिटेनर रीतेश मोरे की ओर से अधिवक्ता संजय दुबे ने पैरवी की।

### मिट्टी धसकने से व्यक्ति की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र स्टेशनगंज में मिट्टी धसकने से एक 45 वर्षीय ग्रामीण की मौत हो गई। घटना ग्राम महका के पास शेढ़ नदी किनारे की है। बारिश के कारण मिट्टी और चट्टान का हिस्सा अचानक धसक गया। शुक्रवार दोपहर पुलिस और ग्रामीणों ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद शव को मलबे से बाहर निकाला। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महका (खापा) निवासी मंजू पिता ओमकार नोरिया उम्र 45 वर्ष गुरुवार शाम करीब 5 बजे घर से घूमने निकले थे। वे अक्सर शेढ़ नदी किनारे एक मिट्टी के टीले और उसके ऊपर स्थित चट्टान के पास बैठते थे। रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। शुक्रवार सुबह परिजन खोजबीन करते हुए नदी किनारे पहुंचे। घर से लगभग 2 किलोमीटर दूर उनके पसंदीदा स्थान पर पहुंचने पर परिजनों ने देखा कि बारिश के कारण बड़ी चट्टान टूटकर नीचे धसक गई थी। अनहोनी की आशंका पर तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। स्टेशनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से बचाव कार्य शुरू किया। भारी चट्टान होने के कारण राहत कार्य में कठिनाई आई। छैनी, हथौड़े और रस्सियों की मदद से पत्थरों को हटाया गया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद दोपहर लगभग 12:30 बजे मंजू का शव मलबे से बाहर निकाला गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दुकान के बाहर खड़ी हीरो स्प्लेंडर बाइक चोरी

**सिवनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत किदवई वार्ड में बाइक चोरी की एक वारदात सामने आई है। छिंदवाड़ा चौक स्थित भार्गव कॉम्प्लेक्स में दुकान के बाहर खड़ी एक हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। घटना के बाद क्षेत्र में हडक़ंप मच गया है। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, किदवई वार्ड स्थित फिल्टर चौक निवासी अभिषेक राजपूत की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी-22 एमजे-6204 को उनके चाचा धनेश ठाकुर ने 30 जून 2026 की शाम लगभग 6:05 बजे छिंदवाड़ा चौक स्थित भार्गव कॉम्प्लेक्स में संचालित अंजली यूके डिपो दुकान के सामने खड़ा किया था। इसके बाद वे आवश्यक कार्य से दुकान के अंदर चले गए।बताया गया है कि रात करीब 8 बजे जब धनेश ठाकुर दुकान से बाहर निकले और घर जाने के लिए अपनी मोटरसाइकिल के पास पहुंचे, तो वाहन निर्धारित स्थान पर नहीं मिला। पहले उन्हें लगा कि शायद किसी परिचित ने वाहन हटाया होगा, लेकिन आसपास तलाश करने पर भी मोटरसाइकिल का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद उन्होंने तत्काल अभिषेक राजपूत को घटना की जानकारी दी।घटना की सूचना मिलते ही अभिषेक राजपूत भी मौके पर पहुंचे और दोनों ने आसपास के क्षेत्र, पार्किंग स्थलों तथा परिचित लोगों से संपर्क कर बाइक की तलाश की।

# जर्जर हालत में टंकी कभी भी हो सकती है धराशाही

**छपारा - नगर के फिल्टर प्लांट परिसर में स्थित लगभग चालीस साल पुरानी पानी की टंकी अपनी जर्जर अवस्था के चलते विगत कुछ वर्षों से धीरे धीरे टूटकर गिर रही हैं, जिसको नगर परिषद द्वारा डिस्मेंटल क्यों नहीं किया जा रहा समझ से परे है।**



ज्ञात हो कि एक समय संपूर्ण नगर में पीएचई कार्यालय परिसर फिल्टर प्लांट स्थित पानी की टंकी से पेयजल सप्लाई होता था किंतु लगभग चालीस से पैतालीस साल पहले निर्मित पानी की टंकी अब जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी, वहीं समय समय पर टंकी के ऊपरी हिस्से गिरने लगे हैं उसमें चढ़ने वाली लोहे की सीढ़ी भी विगत दो वर्ष पहले अचानक भर-भराकर नीचे गिर गई थी गनीमत यह रही कि उस समय कोई भी कर्मचारी मौके पर मौजूद नहीं थे जिससे किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई थी। वर्तमान समय में जर्जर स्थिति में पहुंच चुकी है जिसे लेकर आसपास के वार्ड वासियों ने टंकी को डिस्मेंटल करने एवं नई टंकी बनाने को लेकर मांग की जाती रही है किंतु जिम्मेदारों के द्वारा ध्यान ना देना समझ से परे है। वही पूर्व सीएमओ के द्वारा जानकारी दी गई थी कि उक्त टंकी को डिस्मेंटल करने और नई टंकी निर्माण के लिए वरिष्ठ कार्यालय को पत्राचार भी किया गया था।

किंतु इन दो वर्षों में स्थिति जस की तस है, साथ ही मौजूदा समय में उक्त जर्जर टंकी जानलेवा साबित हो रही है जिसका हिस्से टूट टूट कर भी गिर रहे है। वहीं बरसात के इस मौसम में उक्त जर्जर क्षतिग्रस्त टंकी के पूरी तरह धराशाही होने की प्रबल संभावना बनी हुई है।

### शासकीय भूमि पर स्थित एकमात्र चौपाटी पर पानी टंकी बनाने अड़ी परिषद

नगर के निर्माणाधीन नगर परिषद कार्यालय के पीछे और जनपद कार्यालय के पास स्थित अस्थाई चौपाटी जिसको नगर परिषद द्वारा ही शुरू करवाया गया था किंतु अब उस स्थान पर नगर परिषद के द्वारा ही अमृत 02 योजना से पेयजल सप्लाई हेतु नई टंकी बनाने हेतु कवायद बार बार की जा रही है, जबकि वहीं इस स्थान से कुछ सौ मीटर की दूरी पर उक्त जर्जर पानी की टंकी स्थित है जिसको डिस्मेंटल कर नवीन पानी की टंकी बन सकती हैं, किंतु संबंधित ठेकेदार को फायदा पहुंचाने के चक्कर में सहित समय की बचत को देखते हुए उक्त चौपाटी की भूमि पर टंकी बनाने पर अड़ी हुई है नगर परिषद। वहीं यदि इस स्थान पर व्यवस्थित चौपाटी बनती हैं तो लोगों को रोजगार के साथ नगर वासियों को भी घूमने का स्थान मिल जाएगा। वैसे ही नगर में शासकीय भूमि वह भी कम बची हुई है और ऐसे स्थान पर पानी टंकी बना कर उसकी उपयोगिता कम करना समझ से परे है। जनहित में ऐसे स्थान पर व्यवस्थित चौपाटी बनाकर बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने की मांग लोगों ने की है।

# 9 जुलाई को होगा भूतपूर्व सैनिकों का मासिक सैनिक सम्मेलन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सिवनी द्वारा जिले के समस्त भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों (विधवाओं) एवं उनके आश्रितों के लिए मासिक सैनिक सम्मेलन का आयोजन 09 जुलाई 2026 को प्रातः 11:30 बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय अकबर वार्ड, सिवनी में किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास ने जिले के सभी भूतपूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं आश्रितों से सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है। सम्मेलन में उपस्थित हितग्राही अपनी समस्याओं एवं प्रकरणों पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी से सीधे चर्चा कर समाधान एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे।**

# बरसात शुरू होते ही कटने लगा जंगल

**तेंदूखेड़ा ।** एक तरफ संपूर्ण देश में एक पेड़ मां के नाम का संदेश देकर गांव गांव वृक्षारोपण के फोटो खिचवाये जा रहें हैं। पेड़ लगाओ प्रकृति बचाओ के नारे लगवाए जा रहे हैं।वहीं दूसरी और बरमान परिक्षेत्र के अंतर्गत बिलहरा सर्किल का महंगुवा चौकी बीट में सिरबोझ लकड़ी बेचकर अपना गुजारा करने वाले आदिवासी समुदाय को जंगल में घुसने की मनाही कर दी गई है यहां तक कि तार बाड़ी और जरेंटा लगाने तक के लिए मना किया जा रहा है। करोड़ों रुपए खर्च करके हर साल नर्सरी लगाई जा रही है। वहीं दूसरी ओर यहां पर एक वन कर्मी का मुँह लगा एक व्यक्ति जो खुद को वन विभाग का चौकीदार बताता है। रोज खुद नर्सरी में करोड़ों रुपए की लागत से लगाए गए नए पेड़ों को काटकर खुलेआम बेच रहा है। शराब के नशे में धुत रहने वाला यह व्यक्ति वृक्षों का कत्लेआम कर रहा है। वनरक्षक को सब कुछ पता रहने के बाबजूद भी आंखों पर पट्टी बांध कर बैठे हुए हैं। पूर्व में भी यहां से छापेमारी के दौरान बड़ी संख्या में लकड़ी बरामद हुई थी लेकिन कोई उचित कार्रवाई नहीं हो सकी थी।सजग वर्ग का कहना है कि शीघ्र इस दिशा में उचित ठोस दंडात्मक कार्यवाही की जाये।